# भारत का विधि आयोग

उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश रितुराज अवस्थी को वर्ष 2020 में गठित भारत के 22वें विधि आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## भारत का विधि आयोग:

- **परिचय:**
  - भारत का विधि आयोग समय-समय पर **भारत सरकार द्वारा गठित एक गैर-सांविधिक निकाय है।**
    - स्वतंत्र भारत का **पहला विधि आयोग वर्ष 1955 में तीन साल के कार्यकाल के लिये स्थापित किया गया था।**
    - पहला विधि आयोग वर्ष 1834 में ब्रिटिश राज काल के दौरान वर्ष 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया था और **इसकी अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी।**
- **उद्देश्य:**
  - **यह कानून और न्याय मंत्रालय के सलाहकार निकाय के रूप में काम करता है।**
  - विधि आयोग का कार्य कानून संबंधी अनुसंधान और भारत में मौजूदा कानूनों की समीक्षा करना है ताकि इसमें सुधार किया जा सके एवं केंद्र सरकार या स्व-प्रेरणा द्वारा इसके संदर्भ में नए कानून बनाए जा सकें।
- **सदस्य संरचना:**
  - एक पूर्णकालिक अध्यक्ष के साथ-साथ **आयोग में एक सदस्य-सचिव सहित और चार पूर्णकालिक सदस्य होते हैं।**
  - कानून मंत्रालय का कानून और विधायी सचिव इस आयोग का पदेन सदस्य होगा।
  - इसमें अंशकालिक सदस्यों की संख्या पाँच से अधिक नहीं होगी। ।
  - सर्वोच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश इस आयोग का अध्यक्ष होगा।

## आयोग की मुख्य सिफारिशें:

- **विधि आयोग ने अपनी 262वीं रिपोर्ट में** आतंकवाद से संबंधित अपराधों और राज्य के खिलाफ युद्ध को छोड़कर सभी अपराधों के लिये **मृत्युदंड की सज़ा** को समाप्त करने की सिफारिश की।
- **चुनावी सुधारों पर इसकी रिपोर्ट (वर्ष 1999)** में शासन में सुधार एवं स्थिरता के लिये **लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ कराने** का सुझाव दिया गया था।
- विधि आयोग ने **देश में समान नागरिक संहिता (UCC) को लागू करने की भी सिफारिश की थी।**
- **कैदियों की पहचान अधिनियम, 1920 की जगह लाए गए आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022** को भी भारत के विधि आयोग द्वारा प्रस्तावित किया गया था।

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/law-commission-of-india-2